Publication: Gujarat Vaibhav
Date: 4/08/2013
Edition: Ahmedabad
Page No.: 12
Headline: Jalaj Maheswari and Ravija Amlani Ahmedabad’s smart tech wizard – 2013

जलज महेश्वरी तथा रविजा अमलानी अहमदाबाद के स्मार्ट टेक विजार्ड-2013

अहमदाबाद। शहर की विविध शालाओं के 1100 से अधिक विद्यार्थियों ने अहमदाबाद के आश्रम रोड स्थित टाउन हॉल में अग्रिम पंक्ति की आईटी सर्विसीस, कन्सल्टिंग एवं बिजनेस सोल्यूशन फर्म टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विसीस (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आईटी क्विज में भाग लिया। अहमदाबाद के प्रादेशिक फाइनल में संत कबीर शाला के जलज महेश्वरी एवं रविजा अमलानी तथा महाराजा अग्रसेन शाला के यश गोहिल एवं मानस गुप्ता के बीच स्पर्धा हुई थी। इस फाइनल मुकाबले में बहुत ही प्रतियोगितापूर्ण वातावरण देखने को मिला। प्रत्येक विजेता को आईपेड तथा प्रत्येक रनर्स अप को एक गेलेक्सी टेब्लेट दिया गया। विजेता जोड़ी मेगा फाइनल्स में अहमदाबाद का प्रतिनिधित्त्व करके स्मार्ट टेक विजार्ड-2013 स्पर्धा में शामिल होगी। विजेताओं को डायरेक्टर प्रो.जे.एन.गोस्वामी फिजीकल रिसर्च लेबोरेटरी, अहमदाबाद तथा पंकज कुमार गुप्ता, डिलिवरी सेन्टर हेड, टीसीएस, गरिमा पार्क, गांधीनगर द्वारा इनाम दिया गया। इस वर्ष टीसीएस आईटी क्विज के मार्फत स्मार्ट टेक विजार्ड शोध अहमदाबाद, बंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, कोची, कोलकाता, लखनऊ, मुम्बई, नागपुर तथा पुणे आदि देश के 14 स्थलों पर आयोजित होगी। यूएई टीम के विजेता भी मेगा फाइनल्स के टाइटल के लिए स्पर्धा करेंगे।